म्हारा हरियाणा , सक्षम हरियाणा

# Creative and Critical Thinking Reference & Practice Material

## Hindi, Class-7

(पापा खो गए , शाम एक किसान व चिड़िया की बच्ची पाठाधारित)

Testing and Assessment Wing

State Council of Educational Research & Training

Gurugram (Haryana)

**प्रतिमान -1          (पापा खो गए पाठ आधारित गद्यांश)**

सूर्य उदय हो गया | इधर कक्षा-कक्ष में काले रंग का श्यामपट्ट जो कि आयताकार है, पास में रखा सफेद रंग का चॉक दोनों आपस में बातचीत करते हैं ।

ब्लैक बोर्ड –अरे, चॉक उठो ! सुबह हो गई | बच्चे कक्षा में आने वाले हैं ।

चॉक -- सोने दो ना ! अच्छी नींद आ रही है ।

ब्लैक बोर्ड - -इतना आलस अच्छा नहीं । जल्दी उठो । मैं बहुत उत्सुक हूं , हिंदी के सुंदर वर्णों से सुसज्जित शब्द मेरे ऊपर लिखना ।

चॉक--पर मुझे तो गणित की आकृतियां बनाना अच्छा लगता है ।

ब्लैक बोर्ड -मुझे तो यह आड़ी-तिरछी लाइनें समझ में नहीं आती ।

चॉक-- इन तिरछी लाइनों से मै त्रिभुज, समलंब ,आयत आदि बनाता हूँ ।

ब्लैक बोर्ड -- पर यह हमारे जीवन में कहां काम आती हैं । भाषा का ज्ञान तो जरूरी है क्योंकि इसके बिना हम आपस में बात नहीं कर सकते ।

चॉक -- अरे भाई ! तुम्हें इतना भी नहीं पता गणित भी व्यावहारिक जीवन के लिए अनिवार्य है ।

ब्लैक बोर्ड - -अच्छा!देखा किसी विषय पर बातें करने से जहां ज्ञान बढ़ता है, वहीँ आलस भी खत्म हो जाता है ।

चॉक - -देखो ! बच्चे खिलखिलाते कितने अच्छे लगते है! तुम कहो तो इनके लिए तुम्हारे सीने पर कविता लिखूँ

ब्लैक बोर्ड (मुस्कुराते हुए)- देर किस बात की ।

(कुछ ही क्षणों में दोनों के चेहरे उतर जाते हैं मानो किसी की याद ने उन्हें घेर लिया हो । )

चॉक -जब मैं बच्चों को प्रोजेक्टर कक्ष में जाते देखता हूं तो हृदय फटता है इस आधुनिक तकनीक-रूपी अपहरणकर्ता ने हमारे बच्चों को हमसे छीन लिया है | तुम तो इन्हें अपने बच्चों की तरह रखते थे, तुम्हें ज्यादा पीड़ा होगी ।

ब्लैक बोर्ड - जब बच्चे मुझ पर आकृतियाँ बनाते, नाम लिखते , फिर उसे अपने हाथ से मिटाते, तो ऐसा लगता है मानो बच्चे द्वारा पिता-मुख का स्पर्श हो रहा हो, बच्चों को भी ऐसा लगता होगा,पर क्या करें, कौन हमारी पीड़ा को समझे ?

चॉक--मैं उनसे मिलाने का प्रयास करूँगा ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्न -1 जिन खिलौनों से आप खेलते हो उन खिलौनों के बीच कोई दो संवाद लिखिए ।

प्रश्न -2 पाठ में निर्जीव चीजें सजीव के लिए परेशान हैं, आपको नहीं लगता कि हमें भी इनका ध्यान रखना चाहिए ,पर कैसे ?

प्रश्न -3 आजकल बच्चों को ब्लैक बोर्ड की अपेक्षा स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ना अधिक अच्छा क्यों लगता है?

प्रश्न 4  ब्लैक बोर्ड पर प्रयोग किए जाने वाला चॉक,गणितीय अभियोग्यता के आधार पर किस प्रकार की आकृति है ?

(क)  शंकु-आकार  (ख) गोलाकार  (ग) बेलनाकार (घ)वर्गाकार

प्रश्न 5 एक ब्लैक बोर्ड या श्यामपट्ट जिसकी लंबाई 8 फीट और चौड़ाई 4 फीट है, आप उस पर खींची जाने वाली बड़ी से बड़ी रेखा की लंबाई बताओ ।

(क) 12 फीट   (ख)14 फीट   (ग)10 फीट   (घ) 8 फीट

**-नीलम वत्स  प्रवक्ता  ,रा. क. व. मा. वि., भैंसवाल कलां  गोहाना (सोनीपत)**

**प्रतिमान -**2 **(पापा खो गए पाठ आधारित गद्यांश)**

जैसे ही सिमरन की ऑख खुली उसने खुद को एक अनजान कमरे में जमीन पर लेटा हुआ पाया। दूसरे कमरे से दो अनजान लोगों के बातें करने की आवाज आ रही थी। उसे चक्कर सा आ रहा था तथा उसके सिर में दर्द था। उसे समझ में नही आ रहा था कि वो कहॉ है ? दिमाग पर जोर डालने पर उसे याद आया कि पार्क में खेल रही थीए तभी एक अंकल ने उसे टोफियॉ दी थी। उसने उस अंकल को पहले कभी नही देखा था। तभी उसको किसी के आने की आहट सुनाई दी। वह चुपचाप **फर्श** पर लेट गई। उसे बहुत डर लग रहा था। उसे फिर नशा सा छाने लगा तथा नींद आ गयी। सुबह जब उसकी ऑख खुली तो उसने देखा कि एक पुलिसवाली ऑटी उसे जगा रही है। उसे उस अंकल को जिसने उसे टोफियॉ दी थी तथा एक और दाढ़ी वाले आदमी को थाने ले जाया गया। तभी उसके पापा भी वहां आ गये। सिमरन के पापा को थानेदार ने बताया कि दिल्ली में एक बच्चा चोर गिरोह पकड़ा गया है।

पूछताछ करने पर उसी गिरोह के एक सदस्य ने उन लोगों के बारे में बताया, जो सिमरन को उठा कर ले गये थे। सिमरन और उसके पापा ने घर पहुंचकर राहत की सांस ली। घर पहुंचते ही वह अपनी मम्मी से लिपटकर खूब रोई। सिमरन ने कसम खाई कि वह किसी अजनबी से खाने की कोई चीज नहीं लेगी।

**उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** –

प्र. 1. यदि आप सिमरन की जगह होते तो क्या करते ?

प्र. 2. ' पापा खो गए' पाठ में छोटी लड़की का घर ढुंढने में परेशानी क्यों हुई ?

प्र. 3. अपनी सुरक्षा के लिए बच्चे क्या–क्या कर सकते हैं ? कोई तीन उपाय लिखिए।

प्र. 4 यदि किसी वर्गाकार पार्क की भुजा दुगनी कर दी जाए, तो इसका क्षेत्रफल कितने गुना बढ. जायेगा ?

क दुगना ख उतना ही रहेगा ग तिगुना घ चार गुना

प्र. 5. एक वर्गाकार तथा आयाताकार पार्क का परिमाप बराबर है। यदि आयाताकार पार्क का परिमाप 128 मी. हो तो वर्गाकार पार्क का क्षेत्रफल कितना होगा ?

क 1000 वर्ग मी. ख 1024 वर्ग मी. ग 1280 वर्ग मी. घ 2560 वर्ग मी.

- **दीपक राविश, प्रवक्ता ,रा.उ.वि. नन्दकरण माजरा, कैथल**

प्रतिमान -3 (पापा खो गए पाठ आधारित गद्यांश)

आज के जमाने को देखते हुए यह बहुत जरूरी हो गया है कि बच्चों को आत्मरक्षा करना सिखाना चाहिए। तकरीबन हर साल बहुत से बच्चे अपहरण का शिकार होते हैं, जिनमें से कई बच्चे मार भी दिए जाते हैं । इसीलिए बच्चों को यह बताना चाहिए कि किस पर विश्वास करना चाहिए और किस पर नहीं । आजकल यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को सावधान रहने के साथ-साथ उन्हें आत्म रक्षा के कुछ तरीके भी समझाए जाएं। आत्मरक्षा का मतलब अपने आप को सुरक्षित करने से होता है। आत्मरक्षा का मतलब अपने चारों तरफ के वातावरण को पहचानना अपनी अंतरात्मा की आवाज को सुनना अपने ऊपर विश्वास करना और समस्या आने से पूर्व ही उसे पहचानना इत्यादि होता है। सेल्फ डिफेंस सीखने से बच्चों में धैर्य की क्षमता बढ़ती है, जिससे हमेशा सामने वालों को गलती करने से पहले रोकेंगे और छोटी.छोटी बातों पर गुस्सा भी नहीं होंगे। बच्चों की विल पावर को मजबूत करने में भी सहायता करता है जिससे वे जल्दी हार नहीं मानते हैं और अपना बेस्ट देते हुए अपने आप को बचाने की पूरी कोशिश करते हैं। सेल्फ डिफेंस बच्चों को समझदार और स्मार्ट बनाता है। वे सही और गलत में फर्क करना भी सिखाता है जो बच्चों की जिंदगी भर काम आता है ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्न 1 आत्मरक्षा करना सीखना निम्नांकित में से सबसे अधिक किस के लिए आवश्यक है ?

(क) लड़का (ख) लड़की (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 2. अपहरण को रोकने के लिए निम्नलिखित में से हमें क्या करना चाहिए ।

(क) बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देना चाहिए।

(ख) हमेशा बच्चों के साथ रहना चाहिए।

(ग) बच्चों को आत्म रक्षा करनी सिखानी चाहिए ।

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

प्रश्न 3. सोनू ने पूर्व दिशा की ओर मुंह करके चलना आरंभ किया 5 किलोमीटर चलने के बाद बाएं ओर मुड़ गया फिर 3 किलोमीटर चलकर बाईं ओर मुड़ गया फिर 4 किलोमीटर कर कर अदाएं ओर मुड़ गया सोनू को बताइए कि अब वह किस दिशा में चल रहा है?

प्रश्न 4 आपको आत्मरक्षा करनी क्यों सीखनी चाहिए ?

प्रश्न 5 सेल्फ डिफेन्स (आत्म-रक्षा) से बच्चों को होने वाले कोई दो लाभ बताइए |

- **गीता सिन्धु प्रवक्ता , रा. व. मा. वि. भंभेवा ब्लाक बेरी झज्जर**

**प्रतिमान -4 (चिड़िया की बच्ची आधारित गद्यांश)**

अब्राह्म लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति थे। ये 1861 में अमेरिका के राष्ट्रपति बने। जब संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी राज्यों और दक्षिणी राज्यों के मध्य युद्ध हुआ, उस समय अब्राह्म लिंकन ही अमेरिका के राष्ट्रपति थे। सन् 1861 से 1865 तक चले इस युद्ध को अमेरिकी गृहयुद्ध कहा जाता है। इस युद्ध में उत्तरी राज्य अमेरिका की एकता चाहते थे और दास प्रथा हटाना चाहते थे, दक्षिणी राज्य अमेरिका से अलग होकर एक नया देश बनाना चाहते थे, जिसमें यूरोपीय मूल के गोरे लोगों को अफ्रीकी मूल के काले लोगाों को गुलाम बनाकर खरीदने–बेचने का अधिकार हो। इस युद्ध में 6 लाख से अधिक सैनिक मारे गए। 1865 ई. में अमेरिकी गृहयुद्ध समाप्त हुआ। अब्राह्म लिंकन के नेतृत्व में उत्तरी राज्य विजयी हुए। सामाजिक क्षेत्र में गृहयुद्ध की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दास प्रथा की समाप्ति थी। अब दासों को स्वतन्त्र कर दिया गया और उन्हें मतदान का अधिकार दे दिया गया। 14 अप्रैल 1865 को अब्राह्म लिंकन की हत्या कर दी गई।

**उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

प्र. 1 **अमेरिका की एकता कौन चाहता था** ?

प्र. 2 सामाजिक क्षेत्र में अमेरिकी गृहयुद्ध का क्या परिणाम हुआ ?

प्र. 3 अमेरिका के दक्षिणी राज्य क्या चाहते थे ?

प्र. 4 एक चुनाव में कुल 10200 लोगों ने मतदान किया। कुल मतदाताओं की संख्या यदि 20000 हो तो कितने प्रतिशत लोगों ने मतदान में भाग लिया ?

प्र. 5 यदि 5जनवरी ,1991 को शनिवार था, तो ज्ञात किजिए की 3 मार्च 1992 को कौनसा दिन था ?

क वीरवार ख शुक्रवार ग शनिवार घ मंगलवार

- **दीपक राविश, प्रवक्ता ,रा.उ.वि.नन्दकरण माजरा, कैथल**

प्रतिमान -5 (**चिड़िया की बच्ची** आधारित गद्यांश)

सोने के पिंजरे में बंद होकर चिड़िया सोच रही थी कि कितना सुन्दर था वो चमन मेरा, जहाँ खुली हवा के झोके व पहाड़ों की ठंडी-ठंडी हवा बहा करती थी। मैं अपने उस घर में अपनी सहेलियों को बुलाकर तथा कभी उनके घर जाकर हंसी ठिठोली किया करती थी। जो कुछ भी मिलता, उसी में अपना पेट भर कर खुले आकाश में मस्त होकर घूमा करती थी। इसी दिनचर्या में मैं थककर सो जाया करती थी।

इस प्रकार खुशियों से हँसते-हँसते जीवन गुजर रहा था। तभी मेरी किस्मत ने ऐसा खेल खेला कि न तो खुला आसमान था , न पहाड़ों का नजारा था और न ही मेरा घर था। एक शिकारी की नजर मुझ पर पड़ी और मुझ को पकड़ कर पिंजरें में बंद कर दिया। वहां एक राजा ने मुझे देखा और अपने साथ ले गया। सोने के एक पिंजरे में बंद कर वह मुझे सोने के बर्तनों में खाना देता था, लेकिन था तो पिंजरा ही। जब भी मैं पक्षियों का कलरव सुनती ,उनको खुले आसमान में विचरण करते देखती तो मेरा मन बहुत रोता व मेरे नयन कटोरे आसूओं से भर जाते थे। एक दिन सुबह राजा उठा तो उसने पिंजरे के पास अन्य पक्षियों का करुण क्रंदन सुना तो देखा चिडिया नीचे पड़ी थी तथा उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। अन्य पक्षी मानो कह रहे हों कि सभी पक्षियों को आजाद कर दो। पिंजरे का जीवन बड़ा दुखदायी होता है। पिंजरा कैसा भी हो, एक बंदीगृह ही होता हैं।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्न 1 ऊपर लिखित पंक्तियों का उपयुक्त शीर्षक लिखो।

प्रश्न 2 क्या आप आज़ाद हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

प्रश्न 3 एक व्यक्ति शिकार करके कुल 220 (कबूतर, कोए,गोरिया व चिड़िया) पक्षी पकड़ता है जिसमे वह 45 कबूतर , 50 कोए, 6 गोरिया पकड़ता है। तो बताओ वह वह कितनी चिड़िया पकड़ता हैं ?

प्रश्न 4 मनुष्यों को सोना धातु बहुत अच्छी लगती है इसके विपरीत चिड़िया को सोने का पिंजरा व सोने के बर्तन क्यों अच्छे नहीं लगे ?

प्रश्न 5 वर्तमान समय में सोने का मूल्य 49500 रु0 प्रति दस ग्राम है एक व्यक्ति 25 ग्राम सोना खरीदता है तो बताओ वह सुनार को कितनी राशी देगा।

- **सरिता बी0 आर0 पी0, हिन्दी, ब्लाक बेरी, झज्जर**

**प्रतिमान -6      ( शाम - एक किसान आधारित स्वरचित पद्यांश)**



सर्दियों की साँझ का सौंदर्य अपार है।
जैसे धरा पर उतरा स्वर्ग का पारावार है।
पानी में परछाई ढलते सूर्य की -
जैसे किसी ने अँधियारे में जला दी मशाल है।
पेड़ों से छनकर पीलिमा ने जल - थल – नभ में विस्तार पाया -
नभ में तैरती बादल की नावों का संसार है।

उपर्युक्त पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्न 1. इनमें से बादल का समानार्थी नहीं है ..

(क) नीरद                    (ख) अम्बुद

(ग) अम्बुधि                    (घ) जलद

प्रश्न 2. जब सूर्य अस्त होता है तो आकाश कैसा दिखता है ? दो पंक्तियों में लिखिए ।

प्रश्न 3. पानी में सूरज की परछाई जलती मशाल के अतिरिक्त आपको और किस वस्तु के समान लगती है ?

प्रश्न 4. आकाश में दौड़ते बादलों को नाव क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 5 . एक नाव 5 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से पानी मे चलती है। बताइए वह 500 मीटर लंबे तालाब को कितने समय में पार करेगी।

**- डॉ. महेंद्र सिंह, बी0 आर0 पी0 हिन्दी, बौन्दकलां ब्लाक**

**प्रतिमान -7** **(** शाम - एक किसान आधारित स्वरचित पद्यांश)

हरे हरे पत्ते, कुड़कुड़ारहे हैं,
मस्त है मौसम की मौज में,
या ठंड लग रही है
यह बात किससे पूछो,
नजदीक जब गया मैं,
और कान जो लगाए,
फिर जो समझ परे था,
ये गूंज जो उठी है,
दांत कड़कड़ाये या पेड़ गुनगुनाए,
जो कुछ भी हो,
जहां भी हो, मतलब नहीं,
पर संगीत बन रहा है,
संग मतलब निकल रहा है,
मतलब उस परिंदे के लिए,
जो धुन को दूर से सुनकर
खुद राग बन गया है,
इस पेड़ की इक साख से लटका
खानाबदोश खुद का घरोंदा बन रहा है।

उपर्युक्त पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
प्रश्न 1 उपयुक्त पद्यांश के अनुसार पेड़ की शाखाओं पर कौन लटक रहा है -
(क) पक्षी (ख) फल (ग) मनुष्य (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
प्रश्न 2 कौन से परिंदे की आवाज किसी धुन की तरह लगती है -
(क) उल्लू (ख) कोयल (ग) कौवा (घ) मोर
प्रश्न 3 एक बगीचे में गुलाब के प्रत्येक फूल पर तीन तितलियाँ बैठी हैं ।बगीचे में एक क्यारी मेरे सात गुलाब के पौधे हैं और प्रत्येक पौधे पर दो गुलाब के फूल लगे हैं। यदि बगीचे में पांच क्यारियां है तो कुल कितनी तितलियां बगीचे में है ?

प्रश्न4 एक पार्क  की लंबाई 20 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर है पार्क के चारों ओर 2 मीटर चौड़ा रास्ता है रास्ते का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ?

प्रश्न 5 सर्दियों के मौसम में प्रकृति में होने वाला कोई पांच परिवर्तन  लिखिए।

- **गीता सिन्धु प्रवक्ता , रा.  व. मा. वि.  भंभेवा , बेरी ,झज्जर**

**प्रतिमान -8 (चिड़िया की बच्ची आधारित गद्यांश)**




प्रश्न 1. चिड़िया व सेठ के मनोभावों में क्या-क्या अंतर थे ? अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 2. चिड़िया के अनुसार सुख की परिभाषा क्या है?

प्रश्न 3. आप अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि हमारी जिंदगी में मां का क्या महत्व है?

प्रश्न 4. ऐसा क्यों कहा जाता है कि पराधीन व्यक्ति को सपने में भी सुख नहीं मिल पाता। अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 5. चिड़िया की बच्ची सेठ के बाग से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से उड़ान भरती हुई 20 मिनट में अपने घर पहुँच जाती है। उसका घर सेठ के बाग से कितनी दूर है?

- **किरण रा. क. व. मा. वि. डीघल,बेरी, झज्जर**

प्रतिमान -9 (प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आधारित)




प्रश्न 1.प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना क्या है?

प्रश्न 2. इस योजना का पंजीकरण कौन करता है?

(क) सामान्य सेवा केंद्र

(ख) राज्य नोडल ऑफिसर

(ग) उपरोक्त दोनों द्वारा

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 3. इस योजना में किस आयु वर्ग के किसानों का चयन किया जा रहा है?

प्रश्न 4. किस आयु वर्ग के बाद कितना पेंशन लाभार्थी को प्रतिमाह मिलेगा?

प्रश्न 5. एक किसान को 2000 रु0 की जमा राशि पर 5 वर्ष के बाद एक बैंक 3000 रु0 वापस करता है। साधारण ब्याज की प्रतिशत दर क्या है?

(क) 20% (ख) 15% (ग) 10% (घ) 5%

- **किरण रा. क. व. मा. वि. डीघल, बेरी, झज्जर**

**प्रतिमान -10** **(**किसान योजना आधारित)




प्रश्न -1 अन्नदाता शब्द किसके लिए प्रयोग किया जाता है ? तर्क सहित उत्तर दो ।

प्रश्न -2 कृषि उत्पादकता को बढाने का कोई दो उपाय लिखिए ?

प्रश्न -3 एक किसान 7% वार्षिक दर से एक बैंक से 3 लाख रु एक वर्ष के लिए ऋण लेता है तो बताओ वह एक वर्ष बाद कितनी राशि बैंक में जमा करवाएगा ?

प्रश्न -4 आपके अनुसार एक किसान के जीवन में कौन-कौन सी प्राकृतिक आपदाएं आती हैं ?

प्रश्न -5 एक गाँव की कुल जनसँख्या 4565 है उनमे से 1535 लोगों का व्यवसाय कृषि है । कृषि उत्पादकता को बढाने के लिए योजना के अंतर्गत 1200 किसानों को ऋण दिया गया । तो बताओ गाँव में कितने % लोगों को ऋण दिया गया?

- **सरिता** बी0 आर0 पी0, हिन्दी **ब्लाक बेरी**, **झज्जर**

**उत्तरमाला :**

प्रतिमान -1

उत्तर-1 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-4 बेलनाकार

उत्तर-5 10 फीट

प्रतिमान -2

उत्तर-1 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-4 चार गुना

उत्तर-5 1024 वर्ग मी.

प्रतिमान -3

उत्तर-1 (क) और (ख) दोनों

उत्तर-2 बच्चों को आत्म रक्षा करनी सिखानी चाहिए।

उत्तर-3 उत्तर दिशा

उत्तर-4 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-5 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

प्रतिमान -4

उत्तर-1 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-4 51 प्रतिशत

उत्तर-5 मंगलवार

प्रतिमान -5

उत्तर-1 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 119 चिड़िया

उत्तर-4 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-5 123750 रूपए

प्रतिमान -6

उत्तर-1 अम्बुधि

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-4 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-5 छः मिनट

प्रतिमान -7

उत्तर-1 पक्षी

उत्तर-2 कोयल

उत्तर-3 210 तितलियाँ

उत्तर-4 104 वर्ग मीटर

उत्तर-5 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

प्रतिमान -8

उत्तर-1 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-4 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-5 60 किलोमीटर

प्रतिमान -9

उत्तर-1 लघु और सीमांत किसानों की पेंशन के लिए

उत्तर-2 उपरोक्त दोनों के द्वारा

उत्तर-3 18-40 वर्ष

उत्तर-4 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रु मासिक

उत्तर-5 10 प्रतिशत

प्रतिमान -10

उत्तर-1 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-2 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-3 3 लाख 21 हजार रु

उत्तर-4 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर-5 78.17 प्रतिशत